# कार्यालय अधिष्ठाता
# पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक / चिकि / क्रय / 7581 रायपुर दिनांक 01 / 07 / 2024

**निविदा सूचना एवं शर्ते**

पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में विभिन्न विभाग के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यशाला / सेमीनार में **चाय, नास्ता एवं भोजन** प्रदाय करने हेतु केटरर्स एवं एजेंसियों जो छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा पंजीकृत हो तथा मेडिकल कालेज सम्बद्ध चिकित्सालय या समकक्ष चिकित्सालय में कम से कम एक वर्ष का भोजन बनाने एवं प्रदाय करने का अनुभव हो, से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा एक वर्ष की अवधि के लिए आमंत्रित की जा रही हैं।

1 निविदा का निर्धारण गुणवत्ता के आधार पर होगा। अतः मीनू में शामिल सामग्री की सूची दर ब्रांड सहित मानकर प्रयुक्त सामग्री का दर ब्राण्ड तथा प्रचलित बाजार दर दर्शाते हुए दर औचित्यपूर्ण होना चाहिए।

2 निविदाकर्ता को खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत् पंजीयन कराना आवश्यक होगा।

3 निविदाकर्ता का तीन वर्ष का टर्न–ओव्हर कम से कम रू. 50 लाख होना चाहिये।

4 ऐसे निविदाकर्ता जिन्होने पूर्व में चिकित्सालय में भोजन प्रदाय करने का कार्य किया था परंतु उनका कार्य असंतोषजनक था उनकी निविदा पर विचार नही किया जायेगा एवं उनकी निविदा को अमान्य करने का पूर्ण अधिकार अधिष्ठाता चिकित्सा महाविद्यालय को रहेगा।

5 निविदा की अवधि स्वीकृति की दिनांक से एक वर्ष की होगी। निविदा की अवधि आवश्यकतानुसार दोनों पक्षों की सहमति से बढ़ायी जा सकती हैं।

6 यदि निविदा दाता स्वयं सेवायें बंद करना चाहता हैं तो उसे एक माह का नोटिस देना होगा। निविदा अवधि के पूर्व सेवाओं को समाप्त करने के एवज में सुरक्षा राशि राजसात कर ली जावेगी।

7 भोजन सामग्री निर्धारित समय से प्रदाय करना होगा। प्रतिदिन प्रदाय किये जाने वाले भोजन में प्रत्येक भोज्य सामग्री कम प्रदाय करने पर भुगतान राशि से जुर्माना 10% प्रति सामग्री प्रति थाली / आनुपातिक रूप से लागु दर के अनुसार कटौती की जावे लगातार 07 दिनों तक किसी भी भोज्य सामग्री के वितरण में कमी किये जाने पर जुर्माना राशि दुगुनी या दोगुनी आनुपातिक दर अनुसार देयक में कटौती की जायेगी।

8 निविदादाता द्वारा प्रदाय किये जाने वाले देयक का भुगतान सत्यापन उपरांत नियमानुसार कोषालय से आहरण कर दिया जावेगा। इसमें विलंब पर किसी प्रकार का ब्याज देय नही होगा।

9 खाद्य सामग्री के परीक्षण सक्षम जांच अधिकारी द्वारा समय–समय पर किया जावेगा।

10 सुरक्षा निधि– ऐसा निविदाकार जिसकी निविदा स्वीकृत होगी, उसे छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियमानुसार 3 प्रतिशत सुरक्षा निधि जमा करना होगा।

11 अधिष्ठाता चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर छ.ग. किसी भी निविदा को बिना किसी कारण को दर्शाये किसी एक मद अथवा सम्पूर्ण निविदा को स्वीकारने अथवा निरस्त करने के अपने अधिकार को सुरक्षित रखते हैं।

12 निविदादाता को दिए गये प्रारूप में अनुबंध करना होगा।

13 प्रदाय किये जाने वाली पैक्स में मीनू की अनुसार मात्रा का होना चाहिए। पैक्स आईटम्स ब्रांडेड प्रदान किया जावेगा। पैकेट पर निर्माण तिथि अंकित होना चाहिये। ब्रॉड का अनुमोदन अधिष्ठाता से प्राप्त करना होगा।

14 निविदाकर्ता को गत तीन वित्तीय वर्ष की आय का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

15 मूंग दाल या राहर दाल का प्रयोग ही किया जावेगा।

16 टूटें हुए चावल का उपयोग नहीं किया जायेगा।

17 रोटी बनाने के लिए आटा के साथ मैदा नहीं मिलाया जायेगा।

18 निविदाकार को सभी दस्तावेज एफ.डी.आर. सहित प्री–क्वालीफिकेशन बिड ओपनिंग के पूर्व सीलबंद लिफाफे में अधिष्ठाता, कार्यालय पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में जमा करना होगा जिससे लोड किये दस्तावेजों का सत्यापन किया जा सके।

19 निविदकर्ता द्वारा अनुभव प्रमाण पत्र की जगह कार्यादेश लगाने पर निविदा अमान्य कर दिया जायेगा।

20 हस्तलिखित निविदा अस्वीकृत कर दी जायेगी। टेक्निकल और प्राईस बिड अलग–अलग लिफाफे में सीलबंद एवं मुख्य लिफाफें के अंदर होना चाहिये।

21 निविदा के मुख्य लिफाफे के अन्दर तीन पृथक लिफाफा निम्नानुसार होना चाहिए।

22 निर्धारति तिथि को निविदाकर्ताओं के समक्ष प्री–क्वालीफिकेशन बिड को खोला जायेगा। प्री–क्वालीफिकेशन बिड में सफल निविदाकारों की तकनीकी बिड द्वितीय चरण में खोला जायेगी।

23 तकनीकी बिड में सफल निविदाकारों की प्राईस बिड उनके या उनके द्वारा अधीकृत प्रतिनिधियों के समक्ष तृतीय चरण में खोली जायेगी।

## i प्री–क्वालीफिकेशन बिड

प्री–क्वालीफिकेशन बिड :–निम्नलिखित दस्तावेज नोटरी द्वारा सत्यापित किया जाना चाहिए। सभी दस्तावेज स्पष्ट एवं पठनीय होना चाहिए। अस्पष्ट एवं अपठनीय दस्तावेजों को अमान्य कर दिया जायेगा।

1. निविदाकर्ता के फर्म/एजेंसी का नाम एवं पूर्ण पता (वर्तमान प्रूफ सहित इलेट्रिकल बिल/टेलीफोन बिल इत्यादि)।
2. कंपनी/एजेंसी के मालिक एवं भागीदारों का नाम पूर्ण पता, दूरभाष, ई–मेल/फेक्स क्रमांक सहित। (फ्रूफ सहित–इलेट्रिकल बिल/टेलीफोन बिल)
3. निविदाकर्ता का PAN CARD (यदि फर्म में एक से अधिक भागीदार हैं तो सभी भागीदारों के पेन कार्ड)।
4. कंपनी/एजेंसी का विगत 3 वर्षो का सी. ए. द्वारा प्रदत्त टर्न ओव्हर रू. 50.00 लाख।
5. कंपनी/एजेंसी की 2020–2021 की आडिटेड बैंलेस शीट।
6. कंपनी/एजेंसी की 2021–2022 की आडिटेड बैंलेस शीट।
7. कंपनी/एजेंसी की 2022–2023 की आडिटेड बैंलेस शीट।
8. शासकीय चिकित्सालय या समकक्ष संस्था का अनुभव प्रमाण पत्र।
9. छ.ग.शासन के खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग का पंजीकरण प्रमाण पत्र।
10. निविदाकर्ता को 50,000/– पचास हजार रुपयें की अर्नेस्ट मनी F.D.R. के रूप में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा शेड्यूल बैंक का जो अधिष्ठाता, पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के पक्ष में देय हो, को प्री–क्वालीफिकेशन बिड खोलने की पहले की तिथि तक जमा करना अनिवार्य होगा।
11. परिशिष्ट एक के अनुरूप शपथ पत्र (निर्धारित प्रोफार्मा में)।
12. कम्पनी/एजेंसी का सर्विस टेक्स रजिस्ट्रेशन नम्बर।

## ii टेक्नीकल बिड :–

लिफाफे के उपर टेक्नीकल बिड लिखा होना चाहिए। निविदाकर्ता को टेक्नीकल बिड में कच्च्य भोज्य सामग्री यथा दूध, अनाज, आटा, मसाले, तेल आदि रजिस्टर्ड ब्रान्डेड हो (फल व हरी सब्जी को छोड़कर) के ब्रान्ड नेम, कम्पनी इत्यादि की जानकारी देना होगा जैसे दूध किस कम्पनी/ब्रान्ड का रहेगा।

**ii प्राइस बिडः–**

लिफाफे के उपर प्राइस बिड लिखा होना चाहिए। भोजन प्रदाय के मीनू के समक्ष निवेदित किया हुआ मूल्य समस्त टैक्सों के सहित दिए प्रारूप में होना चाहिए।

**निविदा मूल्यांकन :– (Tender Evaluation)**

निविदा के लिये प्राप्त लिफाफे को एक क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा तथा मदवार निम्नानुसार चयन क्रम दर्शाया जावेगाः–

1. First Preference – L1
2. Second Preference – L2
3. Third Preference – L3

इस विषय में अधिष्ठाता, पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर एल–1 को आदेश देने का तथा इस आधार पर अन्य सफल निविदाकारों से मूल्य पर मोलभाव वार्ता करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

अधिष्ठाता
पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय
रायपुर, छत्तीसगढ़

## शपथ पत्र

मैं/हम..............................................................जिनकी संस्था/दुकान..............................
.................................................पता.....................................................................................जो कि निविदाकार हैं, हम यह घोषणा पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर हेतु भोजन प्रदाय के लिए निविदा के संदर्भ में कर रहे हैं, तथा यह घोषित करते है कि ऊपर दी गई जानकारी सत्य एवं सही है। इस संदर्भ में, महाविद्यलाय प्रशासन/निविदाकर्ता, को जब इस निविदा के संदर्भ में किसी अतिरिक्त जानकारी की आवश्यकता होगी, हमारे द्वारा प्रदाय की जावेगी। मैं छत्तीसगढ़ शासन भंडार क्रय नियम का पालन करूंगा। हमे निविदा में दी गई सभी शर्ते एवं नियम स्वीकार हैं। मेरे संस्था/दुकान को काली सूची Black Listed में दर्ज नहीं किया गया है। हम निविदाकर्ता के बिना कारण बताये निविदा के स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने के अधिकार को स्वीकार करते है तथा हम उनके उक्त निर्णय को चुनौती देने के अधिकार का त्याग करते है।

सधन्यवाद

निविदाकार

**दिनॉक**

**हस्ताक्षर** ......................................

**समय**

**हस्ताक्षरकर्ता का पूरा नाम** .........

## Pre qualification bid

| S.No. | Name of Prequalification Document |
|---|---|
| 1 | Name & Adress of company /agency with telephone & fax number and proof (current electric/telephone bill) |
| 2 | Name & Adress of owner & partners of company /agency with telephone & fax number and proof (current electric/telephone bill) |
| 3 | Scanned copy of PAN card of bidder and partners |
| 4 | C. A. Certified Annual Turn over for last 3 financial year |
| 5 | Audited balanced sheet for 2020-2021 yrs |
| 6 | Audited balanced sheet for 2021-2022 yrs |
| 7 | Audited balanced sheet for 2022-2023 yrs |
| 8 | Experience Certificate |
| 9 | Scanned copy of EMD |
| 10 | Affidavit as per annexure |

## Annexure – A Menu & Packages

| S.No. | Item Name | Basic Price | GST | Total Price |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **Breakfast**<br>One dish like poha/ Upma/ Idli vada mix/ Puri Bhaji/ Chhole-Bhature (self Serving counter) | | | |
| 2. | **Tea**<br>One Glass Milk 250ml<br>One Boiled Egg Each | | | |
| 3. | **Evening Tea and Cookies** | | | |
| 4. | **Lunch (Menu Type-A)**<br>04 Chapati<br>01 Plate Rice<br>Dal Fry/Dal Makhni<br>01 Vegetable Dry<br>01 Vegetable with Gravy<br>Pickle/Salad/Papad/Raita<br>200 ml Mineral Water<br>01 Dessert/Sweet | | | |
| 5. | **Lunch (Menu Type-B)**<br>One Welcome Drink<br>One Soup<br>One Starter<br>**Main Course**<br>1 Paneer Dish<br>1 Veg Dish<br>1 Choice of Dal<br>1 Choice of Rice<br>1 Bread Basket<br>1 Choice of Dessert<br>Pickle/Salad/Papad/Raita<br>200 ml Mineral Water<br>01 Dessert/Sweet | | | |
| 6. | **Lunch (Menu Type-C)**<br>Two Welcome Drink<br>Two Soup<br>Two Starter<br>**Main Course**<br>1 Paneer Dish<br>2 Choice of Veg Dish<br>1 Choice of Dal<br>1 Choice of Rice<br>3 Bread Basket<br>3 Choice of Dessert<br>Pickle/Salad/Papad/Raita<br>200 ml Mineral Water<br>01 Dessert/Sweet | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **7.** | **Working Lunch Pkt. (packet Box)**<br>3 pc Chapati<br>Rice<br>Dalfry<br>Vegetable Dry<br>Vegetable with Grevy<br>1 Sweet<br>Salad<br>1 Papad<br>Mineral Water 250 Ml<br>Tissue paper<br>Mouth freshner | | | | |
| **8.** | **Snacks Packet for Special Occasion (Packet Box)**<br>*(1 Samosa or Sambar Vada or Aloo Bonda or Kachodi Or Hara Bhara Kabab or Veg Cut let or Veg Sandwich)<br>1 Sweet (Boondi Laddu/Mava bati/Gulab jamun)<br>2 pcs Cookies<br><br>Snacks/Chips/Namkeen including Tomato Sauce Sacket &<br>200ml Water | *Choice of Any Two | *Choice of Any Three | | |
| | **TOTAL** | | | | |

------00000------